आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और आयु समूह के व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हुए हैं और उन्हें भय के चलते लाखों रुपये गंवाने पड़े हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। कल विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है।प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल की 150वीं जंयती इस महीने की 31 तारीख को है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनायी जाएगी। नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री–पहल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल रात डोडरा क्वार से ''सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बीती रात क्वार में सेवानिवृत्त शिक्षक हरदयाल खेपन के घर रात्रि विश्राम किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू डोडरा क्वार में रात्रि विश्राम करने वाले में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ पारंपरिक भोजन किया और स्थानीय परंपराओं व रीति रिवाज़ों के बारे में बातचीत की। क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के स्वागत में पारंपरिक गीत गाए। आज सुबह सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ढांडरवाड़ी महिला मण्डल की महिलाओं के साथ नाश्ता किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की।

राजेश धर्माणी

राज्य सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है और बिलासपुर ज़िले के औहर में विशाल पर्यटक परिसर का निर्माण किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मण्डी–भराड़ी पुल के पास जलक्रीड़ाओं के अलावा अन्य साहसिक खेल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 29 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू बिलासपुर में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों का शुभारम्भ करेंगे।

अनुराग ठाकुर

ऊना में आज चार दिवसीय राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता का समापन हो गया। इसमें देशभर से सैंकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से आज सभी लोग योग को अपना रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग खेल के रूप में पहचान बना चुका है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर दुनिया भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

आग

कुल्लू ज़िले की लगघाटी के कालंग गांव में आग लगने से लाखों रूपए की संपति जलकर राख हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन आग में अढ़ाई मंज़िला मकान पूरी तरह राख हो गया। इस अग्निकाण्ड में 3 परिवार बेघर हुए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आग में लगभग 60 लाख रूपए की संपति का नुकसान बताया जा रहा है। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों को फौरी राहत प्रदान की और सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

गोविंद ठाकुर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में खाली पड़े 65 हज़ार से अधिक पदों को समाप्त करने की अधिसूचना पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ये निर्णय युवाओं के साथ अन्याय है और प्रदेश में विकास की गति को रोकने वाला है। उन्होंने सरकार से 65 हज़ार से अधिक पद समाप्त करने के जनविरोधी निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है।